पंजाब केसरी 24 Aug 2025



*विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए।*

# विद्यार्थियों को दी ए.आई., क्लाऊड कंप्यूटिंग के बारे में जानकारी

जींद, 23 अगस्त (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन रहा। कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन विभाग तथा ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में माइक्रोसॉफ्ट के सीनियर कंसल्टैंट साकेत, राजेश पांचाल एवं विजय कुमार भदोरिया ने विद्यार्थियों को ए.आई., क्लाऊड कंप्यूटिंग एवं माइक्रोसॉफ्ट एज्यूर के बारे में जानकारी दी।

व्याख्यान के साथ-साथ एक्सपर्ट्स द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कुछ घोषणाएं की गईं। विद्यार्थियों द्वारा वैबसाइट पर मुफ्त में कोर्स करने का ऐलान किया गया।

उन्होंने कहा कि इस वैबसाइट पर विद्यार्थियों को कोर्स के साथ बैज मिलते हैं। यदि कोई विद्यार्थी 45 दिन के अंदर 45 बैच जीतता है, तो उसे माइक्रोसॉफ्ट के एन.सी.आर. दफ्तर में ले जाया जाएगा एवं माइक्रोसॉफ्ट के सीनियर ऑफिसर्स के साथ उनकी मंत्रणा करवाई जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिसके पास भी चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद का इंस्टीच्यूशनल आई.डी. है, वह माइक्रोसॉफ्ट एज्यूर का क्लाऊड 1 वर्ष तक मुफ्त इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह सुविधा कंप्यूटर साइंस विभाग के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं अध्यापकों के लिए बहुत जरूरी है।

रिस्किल से रोहित सरदाना एवं असगर ने इंडस्ट्री एवं विश्वविद्यालय की पढ़ाई के बीच में जो दूरी रह जाती है, उस दूरी को समाप्त करने के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने बहुत सारे ऐसे कोर्सों के बारे में बताया जो विद्यार्थियों को रोजगार दिलवाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो सकते हैं। इसके पश्चात इन सभी एक्सपर्ट्स के मार्गदर्शन में 16 विद्यार्थियों की एक टीम बनाई गई, जिसे सी.आर.एस.यू. कोडवर्स जींद का नाम दिया गया है।

16 सदस्यीय टीम में एम.सी.ए. द्वितीय वर्ष से पल्लवी, सुनैना, अंजलि बी.टैक. द्वितीय वर्ष से रुद्राक्षी, मुस्कान, अजेश, दिनेश, नितिन, तुषार, गंगाधर, लक्ष्य, बी.टैक. प्रथम वर्ष से आदित्य, रिजवान, साई पुरुषोत्तम, यशिका एवं मास कम्युनिकेशन विभाग से संयम सम्मिलित हैं।

यह टीम विश्वविद्यालय में आई.टी., कंप्यूटर साइंस से संबंधित विषयों पर कार्यक्रमों का आयोजन करेगी एवं अन्य विद्यार्थियों को भी इनके बारे में जानकारी प्रदान करेगी। रिस्किल से रोहित सरदाना ने कहा कि यदि यह टीम 6 महीने तक अच्छा काम करती है, तो इसी प्रकार से गूगल आदि कंपनियों के साथ भी विश्वविद्यालय में टीम बनाई जाएगी।

माइक्रोसॉफ्ट से साकेत, राजेश पांचाल एवं विजय भदोरिया ने कहा कि इस टीम के माध्यम से विश्वविद्यालय में अक्तूबर माह में एक हैकाथॉन का आयोजन किया जा सकता है।

विभागाध्यक्ष एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट डायरैक्टर डॉ. अनुपम भाटिया ने कहा कि विश्वविद्यालय हैकाथान के आयोजन के लिए तत्पर है तथा इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन से शीघ्र ही अनुमति ले ली जाएगी। सी.आर.एस.यू. कोडवर्स जींद के गठन की जानकारी मिलने के बाद कुलपति डॉ. रामपाल सैनी ने अपने संदेश में चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

जागरण 24 Aug 2025

# सीआरएसयू में विशेषज्ञों ने एआइ, क्लाउड कंप्यूटिंग की दी जानकारी

जागरण संवाददाता • जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग और ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की तरफ से संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को माइक्रोसाफ्ट के सीनियर कंसलटेंट साकेत, राजेश पांचाल, विजय कुमार भदोरिया पहुंचे। जिन्होंने विद्यार्थियों को एआइ, क्लाउड कंप्यूटिंग एवं माइक्रोसाफ्ट एज्योर के बारे में जानकारी दी।

व्याख्यान के साथ-साथ विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कुछ घोषणाएं की गई। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए वेबसाइट पर मुफ्त में कोर्स करने का ऐलान किया गया। इस वेबसाइट पर विद्यार्थियों को कोर्स के साथ बैज मिलते हैं। अगर कोई विद्यार्थी 45 दिन के अंदर 45 बैच जीतता है, तो उसे माइक्रोसाफ्ट के एनसीआर कार्यालय में ले जाया जाएगा। माइक्रोसाफ्ट के सीनियर अधिकारियों के साथ उनकी मंत्रणा करवाई जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिसके पास भी विश्वविद्यालय का इंस्टीट्यूशनल आइडी है, वह माइक्रोसाफ्ट एज्यूर का क्लाउड एक वर्ष तक मुफ्त इस्तेमाल कर सकते हैं। यह सुविधा कंप्यूटर साइंस विभाग के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं अध्यापकों के लिए बहुत जरूरी है। रोहित सरदाना और असगर ने विद्यार्थियों को इंडस्ट्री और विश्वविद्यालय की पढ़ाई के बीच में जो दूरी रह जाती है, उस दूरी को समाप्त करने के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने बहुत सारे ऐसे कोर्स के बारे में बताया, जो विद्यार्थियों को रोजगार दिलवाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो सकते हैं। सभी विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में 16 विद्यार्थियों की एक टीम बनाई गई, जिसे सीआरएसयू कोडवर्स जींद का नाम दिया गया है।



सीआरएसयू में विद्यार्थियों को जानकारी देते विशेषज्ञ • सौ. विवि

16 सदस्यीय टीम में एमसीए द्वितीय वर्ष से पल्लवी, सुनैना, अंजलि, बीटेक द्वितीय वर्ष से रुद्राक्षी, मुस्कान, अजेश, दिनेश, नितिन, तुषार, गंगाधर, लक्ष्य, बीटेक प्रथम वर्ष से आदित्य, रिजवान, साई पुरुषोत्तम, यशिका और मास कम्युनिकेशन विभाग से संयम सम्मिलित हैं। यह टीम विश्वविद्यालय में आईटी, कंप्यूटर साइंस से संबंधित विषयों पर कार्यक्रमों का आयोजन करेगी और अन्य विद्यार्थियों को भी इनके बारे में जानकारी प्रदान करेगी। यह टीम छह महीने तक अच्छा काम करती है, तो इसी प्रकार से गूगल आदि कंपनियों के साथ भी विश्वविद्यालय में टीम बनाई जाएगी। इस टीम के माध्यम से विश्वविद्यालय में अक्टूबर में एक हैकाथान का आयोजन किया जा सकता है। विभागाध्यक्ष एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डायरेक्टर डा. अनुपम भाटिया ने कहा कि विश्वविद्यालय हैकाथान के आयोजन के लिए तत्पर है। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन से शीघ्र ही अनुमति ले ली जाएगी। सीआरएसयू कोडवर्स जींद के गठन की जानकारी मिलने के बाद वीसी प्रोफेसर रामपाल सैनी ने अपने संदेश में चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।